# TOPPERSEXAM.COM

20-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्माला बने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के नए सचिव – समुद्र विज्ञान, सुनामी चेतावनी एवं जलवायु सेवाओं को मिलेगा नया नेतृत्व
- RBI का वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक 70 पर पहुँचा – भारत में औपचारिक वित्तीय सेवाओं की बढ़ती पहुँच और उपयोग का संकेत
- ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 – भारतीय नौसेना के नेतृत्व में बहुराष्ट्रीय समुद्री सहयोग एवं सुरक्षा अभ्यास
- उत्तर प्रदेश ने लॉन्च किए 'कौशल सेतु' और 'कौशल सारथी' – डिजिटल कौशल विकास एवं रोजगार सशक्तिकरण की नई पहल
- सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और गेट्स MRI की साझेदारी – तपेदिक (TB) के विरुद्ध M72/AS01E वैक्सीन के वैश्विक उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल
- विक्रम-1 मिशन 'आगमन' – भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान और निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि
- भारतीय रेलवे की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन – हरित परिवहन एवं स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में ऐतिहासिक पहल
- चंद्र दिवस (International Moon Day) – अंतरिक्ष अन्वेषण, वैश्विक सहयोग और चंद्र अनुसंधान का प्रतीक

# TOPPERSEXAM.COM

## 1. डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्माला बने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के नए सचिव – समुद्र विज्ञान, सुनामी चेतावनी एवं जलवायु सेवाओं को मिलेगा नया नेतृत्व

भारत सरकार ने डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्माला को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) का नया सचिव नियुक्त किया है, जिनका कार्यकाल दो वर्ष अथवा अगले आदेश तक रहेगा। डॉ. तुम्माला 30 वर्षों से अधिक अनुभव वाले अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त समुद्र विज्ञानी हैं और उपग्रह समुद्र विज्ञान, जलवायु सेवाओं तथा आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने ESSO-INCOIS के निदेशक तथा UNESCO-IOC के अंतर्गत हिंद महासागर सुनामी चेतावनी एवं शमन प्रणाली (IOTWMS) के सचिवालय प्रमुख के रूप में कार्य करते हुए 28 देशों के बीच समुद्री आपदा समन्वय को सुदृढ़ किया।




## 2. RBI का वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक 70 पर पहुँचा – भारत मे औपचारिक वित्तीय सेवाओं की बढ़ती पहुँच और उपयोग का संकेत

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के अनुसार मार्च 2026 में भारत का वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक बढ़कर 70 हो गया, जो मार्च 2025 में 67 था, जिससे औपचारिक वित्तीय सेवाओं की बढ़ती पहुँच और उपयोग का संकेत मिलता है। RBI द्वारा वर्ष 2021 में शुरू किया गया यह समग्र सूचकांक बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, बीमा, पेंशन, निवेश तथा डाक वित्तीय सेवाओं में वित्तीय समावेशन का आकलन 0 से 100 के पैमाने पर करता है। FI सूचकांक तीन प्रमुख आयामों—पहुँच (35%), उपयोग (45%) और गुणवत्ता (20%)—पर आधारित है, जिसमें वर्ष 2026 की वृद्धि का मुख्य कारण वित्तीय सेवाओं के उपयोग में बढ़ोतरी रही।




## 3. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 – भारतीय नौसेना के नेतृत्व मे बहुराष्ट्रीय समुद्री सहयोग एवं सुरक्षा अभ्यास

ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन 20–23 जुलाई 2026 के बीच भारतीय नौसेना और संयुक्त समुद्री बल (CMF) द्वारा संयुक्त कार्य बल-154 (CTF-154) के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व वर्तमान में भारत कर रहा है। यह बहुराष्ट्रीय समुद्री प्रशिक्षण अभ्यास समुद्री सुरक्षा, अंतरसंचालनीयता, क्षमता निर्माण तथा सहयोगी देशों की नौसेनाओं के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। CMF, जिसका मुख्यालय बहरीन में है, 40 से अधिक देशों का नौसैनिक गठबंधन है और समुद्री डकैती, आतंकवाद, अवैध तस्करी से मुकाबला तथा नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है।




## 4. उत्तर प्रदेश ने लॉन्च किए ‘कौशल सेतु’ और ‘कौशल सारथी’ – डिजिटल कौशल विकास एवं रोजगार सशक्तिकरण की नई पहल

उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्व युवा कौशल दिवस 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) के तहत ‘कौशल सेतु’ और ‘कौशल सारथी’ नामक दो डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए हैं, जिनका उद्देश्य कौशल विकास एवं रोजगार सेवाओं का डिजिटलीकरण करना है। कौशल सेतु प्रशिक्षण संस्थानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं कागजरहित प्रशासनिक प्रक्रिया उपलब्ध कराता है, जबकि कौशल सारथी युवाओं को प्रशिक्षण केंद्रों, पाठ्यक्रमों और रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान करता है। राज्य सरकार ने KLK Private Limited और Winsome Textile Industries Limited के साथ समझौता कर AI, रोबोटिक्स और वस्त्र उद्योग जैसे क्षेत्रों में उद्योग-आधारित प्रशिक्षण एवं रोजगार को बढ़ावा देने की पहल की है।



## 5. सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और गेट्स MRI की साझेदारी – तपेदिक (TB) के विरुद्ध M72/AS01E वैक्सीन के वैश्विक उत्पादन की दिशा मे महत्वपूर्ण पहल

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) और गेट्स मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (Gates MRI) ने M72/AS01E तपेदिक (TB) वैक्सीन के निर्माण एवं वैश्विक आपूर्ति के लिए सहयोग समझौता किया है, जो चरण-III परीक्षण एवं नियामकीय स्वीकृतियों के बाद बड़े पैमाने पर उत्पादित की जाएगी। M72/AS01E वयस्कों और किशोरों में फुफ्फुसीय टीबी की रोकथाम के लिए विकसित उन्नत वैक्सीन उम्मीदवार है, जो सफल होने पर लगभग 100 वर्षों में वयस्कों के लिए विकसित पहला नया टीबी टीका होगा।




## 6. विक्रम-1 मिशन 'आगमन' – भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान और निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि

स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित विक्रम-1 भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान है, जिसका प्रक्षेपण 18 जुलाई 2026 को श्रीहरिकोटा से 'मिशन आगमन' के तहत निर्धारित है। यह बहु-चरणीय रॉकेट 350 किलोग्राम तक का पेलोड 450 किमी ऊँची निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) में स्थापित करने में सक्षम है तथा इसमें कार्बन कंपोजिट संरचना और 3D-प्रिंटेड इंजन जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है। मिशन आगमन का उद्देश्य रॉकेट की प्रणालियों का परीक्षण, प्रक्षेपण तकनीक का सत्यापन तथा भविष्य के वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपणों के लिए आवश्यक डेटा एकत्र करना है, जिससे भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र को नई गति मिलेगी।



## 7. भारतीय रेलवे की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन – हरित परिवहन एवं स्वच्छ ऊर्जा की दिशा मे ऐतिहासिक पहल

भारतीय रेलवे हरियाणा के जींद–सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन शुरू करने जा रहा है, जो PEM फ्यूल सेल तकनीक से बिजली उत्पन्न करती है और केवल जलवाष्प उत्सर्जित करती है। यह 10 डिब्बों वाली ट्रेन लगभग 2,600 यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगी तथा स्वच्छ, लगभग शून्य-उत्सर्जन और ऊर्जा-कुशल परिवहन का नया उदाहरण प्रस्तुत करेगी। हरियाणा के जिंद में स्थापित भारत की पहली एकीकृत हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण एवं रिफ्यूलिंग सुविधा इस परियोजना को राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन और भारत के नेट-ज़ीरो लक्ष्यों से जोड़ती है।




## 8. चंद्र दिवस (International Moon Day) – अंतरिक्ष अन्वेषण, वैश्विक सहयोग और चंद्र अनुसंधान का प्रतीक

अंतरराष्ट्रीय चंद्र दिवस (International Moon Day) प्रतिवर्ष 20 जुलाई को अपोलो-11 मिशन (1969) के तहत मानव के चंद्रमा पर प्रथम सफल अवतरण की स्मृति में मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 2021 में आधिकारिक मान्यता दी। इस दिवस का उद्देश्य चंद्रमा के शांतिपूर्ण एवं सतत उपयोग, अंतरिक्ष विज्ञान को बढ़ावा देना तथा Outer Space Treaty (1967) और वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। भारत ने चंद्रयान-1 के माध्यम से चंद्रमा पर जल अणुओं की खोज तथा चंद्रयान-3 की दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग के जरिए अंतरिक्ष अनुसंधान में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं।



**1. भारत सरकार ने डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्माला को किस मंत्रालय का नया सचिव नियुक्त किया है ?**

A - पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
B - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
C - पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
D - जल शक्ति मंत्रालय

भारत सरकार ने डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्माला को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) का नया सचिव नियुक्त किया है, जो समुद्र विज्ञान, जलवायु सेवाओं और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ है। उन्होंने ESSO-INCOIS, UNESCO-IOC तथा भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्रं (ITEWC) के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान देकर हिंद महासागर क्षेत्र मे सुनामी चेतावनी प्रणाली को सुदृढ़ किया।



**2. मार्च 2026 मे भारत का वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक कितना दर्ज किया गया ?**

A - 65
B - 67
C - 70
D - 72

भारतीय रिज़र्व बैकं (RBI) के अनुसार मार्च 2026 मे भारत का वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक बढ़कर 70 हो गया, जो औपचारिक वित्तीय सेवाओं की बढ़ती पहुँच और उपयोग को दर्शाता है। वर्ष 2021 मे शुरू किया गया यह सूचकांक पहुँच, उपयोग और गुणवत्ता के आधार पर वित्तीय समावेशन का आकलन करता है तथा JAM, UPI, DBT और वित्तीय साक्षरता जैसी पहलों ने इसकी प्रगति मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




**3. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन किसके अंतर्गत किया जा रहा है ?**

A - संयुक्त कार्य बल-151 (CTF-151)
B - संयुक्त कार्य बल-153 (CTF-153)
C - संयुक्त कार्य बल-154 (CTF-154)
D - संयुक्त कार्य बल-155 (CTF-155)

ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन 20–23 जुलाई 2026 के बीच भारतीय नौसेना और संयुक्त समुद्री बल (CMF) द्वारा CTF-154 के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता वर्तमान मे भारत कर रहा है। यह बहुराष्ट्रीय अभ्यास समुद्री सुरक्षा, अंतरसंचालनीयता, क्षमता निर्माण तथा SAGAR और भारत के इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने की दिशा मे महत्वपूर्ण पहल है।



**4. उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्व युवा कौशल दिवस 2026 के अवसर पर कौन-से दो डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए ?**

A - कौशल मित्र एवं रोजगार मित्र
B - कौशल सेतु एवं कौशल सारथी
C - स्किल इंडिया एवं रोजगार भारत
D - युवा शक्ति एवं रोजगार सेतु

विश्व युवा कौशल दिवस 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने UPSDM के तहत 'कौशल सेतु' और 'कौशल सारथी' डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए, जिनका उद्देश्य कौशल विकास, प्रशिक्षण और रोजगार सेवाओं का डिजिटलीकरण करना है। यह पहल उद्योग-आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल गवर्नेसं, युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने तथा SDG-4 और SDG-8 के लक्ष्यों को सुदृढ़ करने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है।



**5. M72/AS01E वैक्सीन किस रोग की रोकथाम के लिए विकसित की जा रही है ?**

A - मलेरिया

**B - तपेदिक (टीबी)**

C - डेंगू

D - हेपेटाइटिस-बी

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) और गेट्स मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (Gates MRI) ने M72/AS01E तपेदिक (TB) वैक्सीन के निर्माण एवं वैश्विक आपूर्ति के लिए सहयोग समझौता किया है, जो सफल होने पर लगभग 100 वर्षों मे वयस्कों के लिए विकसित पहला नया टीबी टीका होगा। यह साझेदारी भारत की 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' की पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ WHO की End TB Strategy और SDG-3 के लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करेगी।




**6. विक्रम-1 किस कंपनी द्वारा विकसित भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान है ?**

A - अग्निकुल कॉसमॉस

**B - स्काईरूट एयरोस्पेस**

C - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)

D - लार्सन एंड टुब्रो (L&T)

स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित विक्रम-1 भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान है, जिसका प्रक्षेपण 18 जुलाई 2026 को श्रीहरिकोटा से 'मिशन आगमन' के तहत निर्धारित है। यह मिशन भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र, छोटे उपग्रह प्रक्षेपण क्षमता तथा IN-SPACe, NSIL और वैश्विक Small Satellite Launch Market मे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को सुदृढ़ करेगा।



**7. भारत की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन का प्रारंभिक संचालन किस रेलखंड पर प्रस्तावित है ?**

A - दिल्ली–मेरठ

**B - जींद–सोनीपत**

C - जयपुर–अलवर

D - लखनऊ–कानपुर

भारतीय रेलवे हरियाणा के जींद–सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन शुरू करने जा रहा है, जो PEM फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित स्वच्छ एवं लगभग शून्य-उत्सर्जन परिवहन प्रणाली है। यह परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, भारत के नेट-ज़ीरो लक्ष्यों तथा हरियाणा के जिंद मे स्थापित एकीकृत हाइड्रोजन उत्पादन एवं रिफ्यूलिंग सुविधा से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल है।




**8. अंतरराष्ट्रीय चंद्र दिवस किस ऐतिहासिक घटना की स्मृति मे मनाया जाता है ?**

A - चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण

**B - अपोलो-11 मिशन के तहत मानव का पहला चंद्र अवतरण**

C - चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग

D - स्पुतनिक-1 का प्रक्षेपण

अंतरराष्ट्रीय चंद्र दिवस प्रतिवर्ष 20 जुलाई को अपोलो-11 (1969) के ऐतिहासिक चंद्र अवतरण की स्मृति मे मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 2021 मे आधिकारिक मान्यता दी। यह दिवस चंद्रमा के शांतिपूर्ण एवं सतत उपयोग, अंतरिक्ष विज्ञान और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ चंद्रयान-1 और चंद्रयान-3 जैसी भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी रेखांकित करता है।



# One Liner

1. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन किस संयुक्त कार्य बल (Combined Task Force) के अंतर्गत किया जा रहा है ? - संयुक्त कार्य बल-154 (CTF-154)

2. विक्रम-1 भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान किस कंपनी द्वारा विकसित किया गया है ? - स्काईरूट एयरोस्पेस

3. उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्व युवा कौशल दिवस 2026 पर कौन-से दो डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए ? - कौशल सेतु एवं कौशल सारथी

4. विक्रम-1 मिशन का नाम क्या है, जिसके अंतर्गत इसका प्रक्षेपण किया जाएगा ? - मिशन आगमन

5. अंतरराष्ट्रीय चंद्र दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ? - 20 जुलाई

6. भारत की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन का प्रारंभिक संचालन किस रेलखंड पर प्रस्तावित है ? - जींद–सोनीपत रेलखंड (हरियाणा)

7. चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के किस क्षेत्र के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी ? - दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र (South Polar Region)

8. मार्च 2026 मे RBI के अनुसार भारत का वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक कितना दर्ज किया गया ? - 70

9. M72/AS01E वैक्सीन किस रोग की रोकथाम के लिए विकसित की जा रही है ? - तपेदिक (टीबी)

10. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के नए सचिव के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ? - डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्माला

# TOPPERSEXAM.COM

20-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

# TODAY NEWS HIGHLIGHT

- **Dr. Srinivas Kumar Tummala becomes the new Secretary of the Ministry of Earth Sciences (MoES) – Oceanography, tsunami warning and climate services will receive new leadership**
- **RBI's Financial Inclusion (FI) Index reaches 70 – indicating increasing access and use of formal financial services in India**
- **Operation Southern Readiness 26-2 – Indian Navy-led multinational maritime cooperation and security exercise**
- **Uttar Pradesh launches 'Kaushal Setu' and 'Kaushal Sarathi' – new initiatives for digital skill development and employment empowerment**
- **Serum Institute of India and Gates MRI Partnership – A Key Initiative for Global Production of M72/AS01E Vaccine Against Tuberculosis (TB)**
- **Vikram-1 Mission 'Arrival' – India's first private orbital launch vehicle and a landmark achievement for the private space sector**
- **Indian Railways' first Hydrogen Fuel Cell train – a landmark initiative towards green transportation and clean energy**
- **International Moon Day – A symbol of space exploration, global cooperation and lunar research**

### 1. Dr. Srinivas Kumar Tummala Appointed as New Secretary of the Ministry of Earth Sciences (MoES) – New Leadership for Oceanography, Tsunami Warning, and Climate Services



The Government of India has appointed Dr. Srinivas Kumar Tummala as the new Secretary of the Ministry of Earth Sciences (MoES); his tenure will be for two years or until further orders. Dr. Tummala is an internationally renowned oceanographer with over 30 years of experience and is an expert in satellite oceanography, climate services, and disaster management. While serving as the Director of ESSO-INCOIS and Head of the Secretariat for the Indian Ocean Tsunami Warning and Mitigation System (IOTWMS) under UNESCO-IOC, he strengthened maritime disaster coordination among 28 nations.

### 2. RBI's Financial Inclusion (FI) Index Reaches 70 – Signaling Growing Access to and Usage of Formal Financial Services in India




According to the Reserve Bank of India (RBI), India's Financial Inclusion (FI) Index rose to 70 in March 2026, up from 67 in March 2025, indicating increased access to and usage of formal financial services. Launched by the RBI in 2021, this composite index assesses financial inclusion across banking, digital payments, insurance, pension, investment, and postal financial services on a scale of 0 to 100. The FI Index is based on three key dimensions—Access (35%), Usage (45%), and Quality (20%)—with the rise in 2026 primarily driven by increased usage of financial services.

### 3. Operation Southern Readiness 26-2 – A Multinational Maritime Cooperation and Security Exercise Led by the Indian Navy

Operation Southern Readiness 26-2 is being conducted from July 20–23, 2026, by the Indian Navy and the Combined Maritime Forces (CMF) under Combined Task Force-154 (CTF-154), which is currently led by India. This multinational maritime training exercise focuses on strengthening maritime security, interoperability, capacity building, and coordination among the navies of partner nations. The CMF, headquartered in Bahrain, is a naval partnership of over 40 nations that works to combat piracy, terrorism, and illicit trafficking, and to ensure freedom of navigation.

### 4. Uttar Pradesh Launches 'Kaushal Setu' and 'Kaushal Sarathi' – New Initiatives for Digital Skill Development and Employment Empowerment



On the occasion of World Youth Skills Day 2026, the Uttar Pradesh government launched two digital platforms—'Kaushal Setu' and 'Kaushal Sarathi'—under the Uttar Pradesh Skill Development Mission (UPSDM), aiming to digitize skill development and employment services. 'Kaushal Setu' facilitates online registration and paperless administrative processes for training institutes, while 'Kaushal Sarathi' provides youth with information regarding training centers, courses, and employment opportunities.

Contact No. - 7891099005, 7891099006

## 5. Partnership between Serum Institute of India and Gates MRI – A significant initiative towards the global production of the M72/AS01E vaccine against Tuberculosis (TB)




**Serum Institute of India (SII) and Gates Medical Research Institute (Gates MRI) have entered into a collaboration agreement for the manufacturing and global supply of the M72/AS01E tuberculosis (TB) vaccine, which will be produced on a large scale following Phase III trials and regulatory approvals. M72/AS01E is an advanced vaccine candidate developed to prevent pulmonary TB in adults and adolescents; if successful, it would be the first new TB vaccine developed for adults in nearly 100 years.**

## 6. Vikram-1 Mission 'Aagaman' – India's First Private Orbital Launch Vehicle and a Historic Achievement for the Private Space Sector



**Developed by Skyroot Aerospace, Vikram-1 is India's first private orbital launch vehicle, scheduled for launch on July 18, 2026, from Sriharikota under 'Mission Aagaman'. This multi-stage rocket is capable of placing a payload of up to 350 kg into a Low Earth Orbit (LEO) at an altitude of 450 km and incorporates advanced technologies such as a carbon-composite structure and 3D-printed engines. The objective of Mission Aagaman is to test the rocket's systems, validate launch technology, and gather data essential for future commercial satellite launches, thereby providing new momentum to India's private space sector.**

## 7. Indian Railways' First Hydrogen Fuel Cell Train – A Historic Initiative Towards Green Transport and Clean Energy




**Indian Railways is set to launch the country's first hydrogen fuel cell train on the Jind–Sonipat rail section in Haryana; this train generates electricity using PEM fuel cell technology and emits only water vapor. Capable of carrying approximately 2,600 passengers, this 10-coach train will set a new benchmark for clean, near-zero-emission, and energy-efficient transportation. India's first integrated hydrogen production, storage, and refueling facility, established in Jind, Haryana, aligns this project with the National Green Hydrogen Mission and India's net-zero goals.**

## 8. International Moon Day – A Symbol of Space Exploration, Global Cooperation, and Lunar Research



**International Moon Day is observed annually on July 20 to commemorate the first successful human landing on the Moon during the Apollo 11 mission (1969); the United Nations General Assembly (UNGA) officially recognized this day in 2021. The day aims to promote the peaceful and sustainable use of the Moon and space science, as well as to raise awareness about the Outer Space Treaty (1967) and global space cooperation. India has achieved significant milestones in space research, notably through the discovery of water molecules on the Moon via Chandrayaan-1 and the successful soft landing of Chandrayaan-3 near the lunar south pole.**

1. Which ministry has the Government of India appointed Dr. Srinivas Kumar Tummala to as the new Secretary?

A - Ministry of Earth Sciences

B - Ministry of Science and Technology

C - Ministry of Environment, Forest and Climate Change

D - Ministry of Jal Shakti

The Government of India has appointed Dr. Srinivas Kumar Tummala as the new Secretary of the Ministry of Earth Sciences (MoES); he is a distinguished expert in the fields of oceanography, climate services, and disaster management.



2. What was India's Financial Inclusion (FI) Index recorded as in March 2026?

A - 65

B - 67

C - 70

D - 72

According to the Reserve Bank of India (RBI), India's Financial Inclusion (FI) Index rose to 70 in March 2026, reflecting the increasing access to and usage of formal financial services. Launched in 2021, this index assesses financial inclusion based on access, usage, and quality; initiatives such as JAM, UPI, DBT, and financial literacy have contributed significantly to its progress. *Note: The question refers to the figure recorded in March 2026.*




3. Under whose aegis is 'Operation Southern Readiness 26-2' being organized?

A - Combined Task Force-151 (CTF-151)

B - Combined Task Force-153 (CTF-153)

C - Combined Task Force-154 (CTF-154)

D - Combined Task Force-155 (CTF-155)

Operation Southern Readiness 26-2 is being conducted between July 20–23, 2026, by the Indian Navy and the Combined Maritime Forces (CMF) under CTF-154, which is currently chaired by India. This multinational exercise is a significant initiative towards maritime security, interoperability, capacity building, and strengthening SAGAR and India's Indo-Pacific vision.



4. Which two digital platforms did the Uttar Pradesh government launch on the occasion of World Youth Skills Day 2026?

A - Kaushal Mitra and Rozgar Mitra

B - Kaushal Setu and Kaushal Sarthi

C - Skill India and Rozgar Bharat

D - Yuva Shakti and Rozgar Setu

On the occasion of World Youth Skills Day 2026, the Uttar Pradesh government launched the 'Kaushal Setu' and 'Kaushal Sarthi' digital platforms under UPSDM, aimed at digitizing skill development, training, and employment services. This initiative is a significant step towards industry-based training, digital governance, enhancing youth employability, and strengthening the goals of SDG-4 and SDG-8.



**5. For the prevention of which disease is the M72/AS01E vaccine being developed?**

A - Malaria
B - Tuberculosis (TB)
C - Dengue
D - Hepatitis-B

The Serum Institute of India (SII) and the Gates Medical Research Institute (Gates MRI) have entered into a collaboration agreement for the manufacturing and global supply of the M72/AS01E tuberculosis (TB) vaccine; if successful, it will be the first new TB vaccine developed for adults in nearly 100 years. This partnership will reinforce India's identity as the 'Pharmacy of the World' while supporting the WHO's End TB Strategy and SDG-3 goals.




**6. Vikram-1 is India's first private orbital launch vehicle developed by which company?**

A - Agnikul Cosmos
B - Skyroot Aerospace
C - Hindustan Aeronautics Limited (HAL)
D - Larsen & Toubro (L&T)

Vikram-1, developed by Skyroot Aerospace, is India's first private orbital launch vehicle; its launch is scheduled for July 18, 2026, from Sriharikota under 'Mission Aagman'. This mission will strengthen India's private space sector, small satellite launch capabilities, and competitive position within IN-SPACe, NSIL, and the global small satellite launch market.



**7. On which railway section is the initial operation of India's first hydrogen fuel cell train proposed?**

A - Delhi–Meerut
B - Jind–Sonipat
C - Jaipur–Alwar
D - Lucknow–Kanpur

Indian Railways is set to launch the country's first hydrogen fuel cell train on the Jind–Sonipat rail section in Haryana; this is a clean, near-zero-emission transport system based on PEM fuel cell technology. This project is a significant initiative linked to the National Green Hydrogen Mission, India's net-zero goals, and the integrated hydrogen production and refueling facility established in Jind, Haryana.




**8. International Moon Day is observed to commemorate which historic event?**

A - Launch of Chandrayaan-1
B - First human moon landing under the Apollo-11 mission
C - Soft landing of Chandrayaan-3
D - Launch of Sputnik-1

International Moon Day is observed annually on July 20 to commemorate the historic Apollo-11 moon landing (1969), an event officially recognized by the United Nations General Assembly (UNGA) in 2021. This day promotes the peaceful and sustainable use of the Moon, space science, and global cooperation, while also highlighting India's significant achievements such as Chandrayaan-1 and Chandrayaan-3.



# One Liner

1. Near which region of the Moon did Chandrayaan-3 achieve a successful soft landing? - South Polar Region

2. On which railway section is the initial operation of India's first hydrogen fuel cell train proposed? - Jind–Sonipat railway section (Haryana)

3. Which company has developed 'Vikram-1', India's first private orbital launch vehicle? - Skyroot Aerospace

4. On which date is International Moon Day observed annually? - July 20

5. What is the name of the mission under which 'Vikram-1' will be launched? - Mission Aagman

6. Under which Combined Task Force is 'Operation Southern Readiness 26-2' being conducted? - Combined Task Force-154 (CTF-154)

7. What was India's Financial Inclusion (FI) Index recorded as per the RBI in March 2026? - 70

8. Which two digital platforms did the Uttar Pradesh government launch on World Youth Skills Day 2026? - Kaushal Setu and Kaushal Sarathi

9. Who has been appointed as the new Secretary of the Ministry of Earth Sciences (MoES)? - Dr. Srinivas Kumar Tummala

10. For the prevention of which disease is the M72/AS01E vaccine being developed? - Tuberculosis (TB)